दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 128
मुरादाबाद
30 August 2025
(Saturday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का स्वर्णिम अध्याय है ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रपति मुर्मू का बयान



राष्ट्रपति ने कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी शिविरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया और भारत पर हमले के प्रयासों को विफल कर दिया। स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने अचूक क्षमता का प्रदर्शन किया।% राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई का एक स्वर्णिम अध्याय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस और रिपोर्टिंग प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की तारीफ की। आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।लाभ कमा रहे सार्वजनिक उद्यम स्कोप एमिनेंस अवाड्र्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की भूमिका पर बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभ सहित प्रमुख वित्तीय मानकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं, और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ा है।ऑपरेशन सिंदूर में आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम की रही अहम भूमिका राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सार्वजनिक उद्योगों ने सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया अभियान की अहमियत पर कहा %सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं।% देश के रक्षा क्षेत्र का विशेष उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी शिविरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया और भारत पर हमले के प्रयासों को विफल कर दिया। स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने अचूक क्षमता का प्रदर्शन किया। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने इस प्रणाली के निर्माण में योगदान दिया है। यह उनके लिए बहुत गर्व की बात है।%विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे सार्वजनिक उद्यम राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि नवाचार और भारत की बढ़ती तकनीकी विशेषज्ञता से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का बड़ा योगदान है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुर्मू ने आगे बताया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिला नेताओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## रुद्रप्रयाग - चमोली - टिहरी में फटा बादल, देवाल में एक शव बरामद, दो की मौत, कई लापता



उत्तराखंड में फिर बारिश का कहर बरपा है। बादल फटने से राज्य के तीन जिलों में भारी तबाही की तस्वीर सामने आई है। एक महिला की मौत हो गई। जबकि कई लोग लापता है। कुछ घायल हैं। लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। ऋषिकेश में गंगा चेतावनी रेखा से एक मीटर ऊपर बह रही है। गंगा किनारे घाटों पर एसडीआरएफ और जल पुलिस तैनात है।

लोगों को गंगा किनारे घाटों पर जाने से रोका जा रहा।हरिद्वार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने नदी किनारे रह रहे लोगों से अपील करते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने की संभावना है इसके मध्यनजर नदी किनारे रहा रहे लोगों को सतर्क रहने को कहा है। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस को अपने अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने के निर्देश दिए है। लोगों को सुरक्षित स्थानों में जाने के लिए सूचित करने के भी निर्देश दिए।पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और चमोली में बादल फटने की घटना के कारण गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

इसके चलते ऋषिकेश और हरिद्वार के गंगा घाटों के किनारे रहने वाले लोगों को जल पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जा रही है। सभी गंगा घाटों को खाली करा दिया गया है।चमोली में एक गर्भवती ने रास्ते में ही बच्चे को जन्म दे दिया। नारायणबगड़ ब्लॉक के अंतर्गत सिलोडी गांव की कविता देवी ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में बच्चे को जन्म दे दिया। सड़कें बंद होने से अस्पताल पहुंचने में देरी हो रही थी। इतने में महिला को प्रसव पीड़ा हो गई। जच्चा बच्चा स्वस्थ है। देर बाद डंडी कंडी में महिला को नजदीकीअस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायण बगड़ पहुंचाया गयाचमोली जनपद के दशौली विकासखंड के कोंज पोथनी गांव के समीप बरसाती गदेरे के उफान पर आने से पैदल पुल बह गया है।

जिससे ग्रामीणों को आवाजाही के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण उफनते गदेरे से ही आवाजाही कर रहे हैं। गांव के ऊपर पहाड़ी से एक बोल्डर छिटककर गांव के ऊपर गोशाला तक आ गया है, जिससे गांव को खतरा उत्पन्न हो गया है।चमोली जिले के कर्णप्रयाग देवाल के मोपाटा में मलबे में दबे शव को निकाला गया। रुद्रप्रायग जिले में भी बादल फटने से एक महिला की मलबे में दबने से मौत हो गई थी।

### संक्षिप्त समाचार

#### मुख्यधारा की शिक्षा को गुरुकुल में जोड़ने की वकालत- भागवत बोले- नई शिक्षा नीति जरूरी, पुरानी गुलाम बनाने वाली

भागवत ने कहा, %गुरुकुल शिक्षा का मॉडल फिनलैंड के शिक्षा मॉडल जैसा है। फिनलैंड में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए अलग विश्वविद्यालय है। स्थानीय आबादी कम होने के कारण कई लोग विदेशों से आते हैं, इसलिए वे सभी देशों के छात्रों को स्वीकार करते हैं। वहां, आठवीं कक्षा तक की शिक्षा छात्रों की मातृभाषा में दी जाती है। इस दौरान कोई क्लास वर्क नहीं दिया जाता। दस छात्रों पर एक शिक्षक का औसत है।%राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष में आयोजित तीन दिवसीय संवाद के अंतिम दिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सवाल-जवाब सत्र को संबोधित किया।

विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख ने नई शिक्षा नीति की तारीफ करते हुए कहा, नई शिक्षा प्रणाली इसलिए शुरू की गई, क्योंकि हमें केवल राज्य नहीं चलाना है, हमें लोगों को चलाना है। पुरानी शिक्षा प्रणाली विदेशी आक्रमणकारियों ने बनाई थी। हम हमेशा विदेशी आक्रमणकारियों के गुलाम रहे, जो उस समय के राजा थे। वे इस देश पर शासन करना चाहते थे, इसका विकास नहीं करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने सभी प्रणालियां इस बात को ध्यान में रखते हुए बनाईं कि हम लोगों को गुलाम बनाए रखते हुए कैसे इस देश पर शासन कर सकते हैं...लेकिन अब हम स्वतंत्र हैं। इसलिए नई शिक्षा प्रणाली इसलिए शुरू की गई।

## PM मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा से की मुलाकात;व्यापार समेत कई मुद्दों पर की बात



जापान दौरे पर पीएम मोदी ने भारत-जापान आर्थिक फोरम में शिरकत की और कहा कि भारत और जापान में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। इससे पहले जापान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी के आगमन पर जापान में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में गजब का उत्साह दिखा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने पर बात की। शिखर वार्ता से पहले प्रधानमंत्री ने भारत-जापान व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सकती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्वी एशियाई देश की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अपने पूर्व जापानी समकक्षों योशीहिदे सुगा और फुमियो किशिदा से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और टैरिफ नीतियों को लेकर वाशिंगटन के साथ नई दिल्ली के संबंधों में तनाव के बीच आज सुबह टोक्यो पहुंचे पीएम मोदी ने जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी मुलाकात की।सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध कार्यकारी निदेशक और कंपनी के भारतीय बाजार के प्रमुख राजीव खन्ना ने पीएम मोदी के जापान दौरे पर कहा, %यह प्रधानमंत्री मोदी की नौवीं जापान यात्रा है। वे जापान, जापानी कंपनियों और जापानी लोगों से बेहद परिचित हैं। कई वर्षों के बाद अपनी यात्रा के दौरान उनका व्यापार पर ध्यान केंद्रित करना बहुत सकारात्मक है। जापानी कंपनियों के दृष्टिकोण से, वे एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण हालात देख रहे हैं, जिसमें कुछ कंपनियों की टैरिफ बाधाएं बढ़ रही हैं और घरेलू बाजार सिकुड़ रहा है। भारत में निर्माण करना और दुनिया को बेचना एक अच्छा और वास्तविक अवसर है। ऑटो क्षेत्र में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। जापानी कंपनियां सेमीकंडक्टर और अन्य उच्च-तकनीकी उद्योगों में भारत में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण आपूर्ति का लाभ उठा सकती हैं।%प्रधानमंत्री मोदी ने जापान दौरे पर वहां के पूर्व प्रधानमंत्रियों योशीहिदे सुगा और फुमियो किशिदा से भी मुलाकात की।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विदेशी कंपनियों का निवेश बढ़ रहा है और भारत में कैपिटल सिर्फ बढ़ती नहीं है बल्कि बढ़कर कई गुना हो जाती है। प्रधानमंत्री ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 80 प्रतिशत कंपनियां भारत में अपना विस्तार करना चाहती हैं और 75 प्रतिशत कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सोच रिफॉर्म,परफॉर्म और ट्रांसफोर्म की है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसे सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जापान हमेशा से भारत का अहम साझेदार रहा है। मेट्रो से लेकर उत्पादन तक, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक हमारी साझेदारी विश्वास का प्रतीक बन गई है। जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।

## खेल दिवसः सीएम योगी बोले- हर खिलाड़ी समाज का हीरो है... पदक विजेताओं को किया सम्मानित



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया और कहा कि खिलाड़ियों से समाज को समर्पण की प्रेरणा मिलती है।हर खिलाड़ी समाज के लिए हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। सही मायनों में खिलाड़ियों से समाज को समर्पण की प्रेरणा मिलती है। यह कहना है सीएम योगी आदित्यनाथ का जो खेल दिवस के अवसर पर पदमश्री मो. शाहिद स्टेडियम में प्रदेश के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देने आए।इस अवसर पर उन्होंने नौ सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी दिए। साथ ही प्रदेश के पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सीएम ने स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल और स्पोर्ट्स कॉलेज के बीच खेले गए मैत्री मुकाबले का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936 तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर किया गया है और इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। विभिन्न खेलों के लिए इन कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। पूर्व ओलंपियन/कॉमनवेल्थ/एशियाड/नेशनल गेम्स मेडलिस्टों को कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और हर जनपद में एक स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है। ओपन जिम के निर्माण व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। यूपी ने देश को अनेक हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी दिए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हॉकी में अनेक दिग्गज दिए हैं। मेजर ध्यानचंद, के. डी. सिंह 'बाबू', मोहम्मद शाहिद, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आर. पी. सिंह, सुजीत कुमार, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एम. पी. सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, तुषार खांडेकर, दानिश मुर्तजा, ललित उपाध्याय, भारतीय टीम को मेडल दिलाने वाले ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल उत्तर प्रदेश की ही देन हैं।

# India's preparation, what is the solution to Trump's tariff?

It is appropriate that the government has identified several countries to which exports can be increased for Indian textiles after the imposition of 50 percent US tariff. It is also the need of the hour that India should use BRICS along with normalizing relations with China against America. While doing so, India will also have to be cautious of China. The way Peter Navarro, the economic advisor of the US President, opened a front against India and made the absurd allegation that the Ukraine conflict is Modi's war, it only underlines the apprehension of the Indian Prime Minister, in which he had said that he would stand firm to protect the interests of farmers, fishermen etc. and that he would have to pay a price personally for their interests and he is ready for it. Did he mean political loss? Is there a fear that the Trump administration may try to weaken Modi politically? It is not known what is in Trump's mind, but it is not hidden from anyone how America has been interfering politically in other countries. Trump seems to be irritated with India because the Indian Prime Minister did not satisfy his ego on Operation Sindoor. It is also possible that Modi also thought it appropriate to distance himself from Trump due to his anti-India attitude after Operation Sindoor. Whatever it may be, Peter Navarro is the same person who is considered the father of Trump's tariff policy. Peter Navarro has given inappropriate statements against India earlier also. His statement that our jobs, factories, income and high salaries are being lost due to India's high tariff is a reflection of his anti-India mentality. His statement that India is responsible for Russia's war against Ukraine is absolutely ridiculous. In fact, Europe and America itself are responsible for this. When these countries tried to make Ukraine a member of NATO as part of their every effort to pit it against Russia, Russia adopted an aggressive attitude and ultimately attacked it. The fact is also that Europe and America are providing arms and financial aid to Ukraine to keep fighting Russia. In these circumstances, the Modi government will have to be more cautious of the Trump administration. Along with this caution, it will have to make efforts on a war footing to face the challenge of Trump tariff. This will have to be done because the fear of exporters of many sectors suffering losses and some jobs being lost is not baseless. The government will have to take concrete measures to provide relief to exporters and workers. It is appropriate that the government has identified many countries to which exports can be increased for Indian textiles after the implementation of 50 percent US tariff. It is also the need of the hour that India should use BRICS along with normalizing relations with China against America. While doing so, India will also have to be cautious of China.

## संपादकीय Editorial

### Hindu's 'Bhagwat Vichar'

Sarsanghachalak Mohan Bhagwat has expressed almost the same views on Hindu and Hindutva, which he has said many times. The commentary and context may differ, but 'Hindu' is the basic idea of ??RSS. It does not mean 'Hindu Rashtra'. The Sangh chief still lives in the imagination of 'Akhand Bharat', so he believes that 'Hindutva' is the common denominator among the people and societies of this land. The Sangh believes that this common denominator still connects many parts of 'Akhand Bharat'. That is why the Sarsanghchalak considers 'Hindu' to be completely 'co-ordinationist'. He considers 'Hindu' to be the guarantee of secularism. Should the word 'sectarian' be removed from the Preamble of the Constitution, because India is a Hindu-majority and secular nation? Bhagwat's basic idea is 'Hindu', but he also considers the soul, consciousness, origin of Muslims to be 'Hindu'. It is a different matter that common or educated or ideological Muslims do not consider themselves as 'Hindu'. Whenever this context arises, the oldest party Congress starts turning the pages of the past and blames Savarkar and the then RSS chiefs for the 'two-nation' theory. Later, even fundamentalist Muslims started shouting 'two-nation'. This legacy goes back to Pakistan's Field Marshal General Asim Munir. The basic question is that what 'Hindu' religion or community or ideology or lifestyle does Sarsanghchalak Bhagwat talk about? On what basis does he consider that 'Hindu' to be the guarantee of secularism? If 'Hindu' is syncretistic, then why are calls for 'Hindu Rashtra' made again and again? Such people have always seemed to be a part of the RSS. Why has the RSS's 'Hindu' been termed as synonymous with hatred and communalism? What is the 40,000-year-old thing that Sarsanghchalak is talking about? Even the 'Ramayana' and 'Mahabharata' must be less than 5000 years old! There must have been some civilization and culture 40,000 years ago, our study has not reached that far. By giving such sensational figures, what does RSS chief Bhagwat want to prove that the idea of ??Sanatan, Hindu is so prehistoric? Only a 'dark age' can be so ancient, during which education, language, writing and human values ??would not have existed! Then whom was the RSS chief quoting? By the way, the reports of 'Freedom House' have been making it clear that where there is 'Hindu' (idea and person), democracy is 100 percent stable and vibrant. Where there are Christians, democracy is 50-50 percent stable and where Muslims are in a dominant, majority position, democracy there is completely 'unstable'. Why did RSS chief Bhagwat not quote this theory? Actually, this is the centenary year of RSS. It is natural to celebrate it. The RSS chief will give such lectures across the country. The talk of 'Hindu' and 'Hindutva' is the ideology of the Sangh, but the question is why it has been repeated? Does the Sangh also mobilize its supporters, volunteers, preachers and then politically support the BJP on the same basis? Of course, 'Hindu' is a symbol of coordination, because even today the number of mosques in India is number 2 in the world. If 'Hindu' was not coordinationist, then this would never have been possible. The Sangh chief has also repeatedly talked about taking everyone along. Then who hates whom and this is a very important question? The country's first Prime Minister Jawaharlal Nehru had written in his historical book 'Bharat Ek Khoj' that Hindus are a community with a broad identity. Who can object to that? But the question is also why Baba Ambedkar did not keep the word 'secular' in the preamble of the Constitution? Because Nehru was an advocate of the word 'minority'. Two mutually contradictory words.

# Nari Shakti is helpful in self-reliance, the whole system is incomplete without half the population

The objective of this scheme is to provide drones to 15000 selected women self-help groups during the period 2024-25 to 2025-2026 so that rented services can be provided to farmers for agricultural purposes. When the desire to do something out of the box gets government protection and encouragement, then no one can stop women from becoming empowered and strong. Prime Minister Narendra Modi once again spoke about self-reliant India from the ramparts of the Red Fort. On the occasion of Independence Day celebrations, he said, 'The biggest criterion of self-respect for a nation even today is its self-reliance. Self-reliant India is also the basis of developed India. Self-reliance is linked to our strength and when self-reliance starts to end, the strength also continuously diminishes and hence it is very essential to be self-reliant to protect, maintain and increase our strength.' Self-reliance is not only the concept of India, but it is the truth that writes the story of self-confidence. The role of women in the creation of a self-reliant India is not only expected but also inevitable. Nari Shakti should now become not just an idea but a national campaign. In the last decade, women have not only become beneficiaries of schemes but have also become active participants in nation building. Empowerment of half of the country's population is no longer a social reform, but is going to become a development strategy. The Economic Survey 2024-25 highlighted a significant increase in the female labor participation rate in India, which was due to increased efficiency of women, especially in rural areas. In his speech, Prime Minister Modi discussed the changing economic scenario with the Mudra scheme and its important role in women's empowerment. Women comprise 68 per cent of the total beneficiaries of the Mudra scheme, reflecting the important role of the scheme in promoting women-led enterprises across the country. The disbursement amount of Pradhan Mantri Mudra Yojana per woman grew by 13 per cent to Rs 62,679 between FY16 and FY25, while the incremental deposit amount per woman grew by 14 per cent year-on-year to Rs 95,269. States with a higher share of women in loan disbursement have generated significantly more employment through women-led MSMEs, which strengthens financial inclusion aimed at increasing women's economic empowerment and labour force participation. According to the International Monetary Fund, the scheme has been instrumental in providing access to finance to women-led businesses. The architects of a strong foundation of self-reliant India are also 'Women Self Help Groups', whom the Prime Minister praised from the Red Fort, saying, 'Women Self Help Groups have done wonders in the last 10 years. Today their products have started going to the world market.' Self Help Groups are writing a new narrative of self-reliant India. As of January 31, 2025, about 10.05 crore women families have been included in 90.90 lakh Self Help Groups (SHGs). Self Help Groups are usually a community of 10-12 women with similar socio-economic backgrounds. Women associated with SHGs form organizations to pool their financial resources to start joint economic activities or to provide loans at reasonable interest rates to members to start small businesses. India's Self Help Groups are collectively considered the world's largest microfinance project. According to official data, the bank repayment rate of Self Help Groups is more than 96 percent, which underlines their loan discipline and reliability.



The Prime Minister also mentioned the 'Namo Drone Didi Nari Shakti Yojana'. The Namo Drone Didi Yojana, launched on August 15, 2023, empowers women of self-help groups by providing 80 percent subsidy (up to Rs 8 lakh) and training for the use of drones in agriculture, thereby increasing their income by more than Rs 1 lakh annually, promoting sustainable farming and promoting rural employment and financial inclusion. The scheme aims to provide drones to 15,000 selected women self-help groups during the period 2024-25 to 2025-2026, so that rental services can be provided to farmers for agricultural purposes. When the desire to do something out of the box receives government protection and encouragement, no one can stop women from becoming empowered and strong. Women Empowerment Project is going on across the country under the National Livelihood Mission. Under this project, women farmers are being taught modern methods of agriculture. The culmination of these efforts is the 'Desi Cold Store', which women farmers of Jharkhand are making from bamboo. It costs fifteen hundred to two thousand rupees and the potatoes do not spoil for six months. Empowerment of women has the potential to transform local communities and the nation as a whole.

# देह व्यापार गिरोह की सदस्य शालिनी गिरफ्तार, देह व्यापार की सरगना पिंकी को पुलिस ने किया गिरफ्तार मुठभेड़ में पुलिस ने पांच को पकड़ा

कांशीराम नगर में गोशाला की आड़ में चल रहे रैकेट मामले में पुलिस ने गिरोह की सदस्य शालिनी त्रिवेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पुलिस पांच आरोपियों को जेल भेज चुकी है।गिरोह की सरगना पिंकी अब तक फरार है।मुरादाबाद के कांशीराम नगर में गोशाला की आड़ में देह व्यापार चलाने वाले गिरोह की सदस्य शालिनी त्रिवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार शाम पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस पांच आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है।गिरोह की सरगना पिंकी अब तक पुलिस के हाथ नहीं आई है। 19 अगस्त की सुबह ट्रेन में बेटिकट पकड़ी गई तीन लड़कियों से पूछताछ में सामने आया कि कांशीराम नगर में देह व्यापार चल रहा है। तीनों लड़कियां गिरोह के चंगुल से निकल आई हैं।इसके बाद एक महिला समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार रात 11 बजे पुलिस ने मझोला क्षेत्र में हर्बल पार्क के पास विजय ठाकुर और अवनीश यादव को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर पूछताछ की तो इन्होंने अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी थी। वहीं शनिवार रात मझोला क्षेत्र में सोनकपुर में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने सचिन ठाकुर, हसीन और विकास चौहान को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में पता चला कि इनके गिरोह में नागफनी क्षेत्र के दीवान का बाजार में रहने वाली शालिनी त्रिवेदी भी शामिल है। बुधवार को पुलिस ने शालिनी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बुधवार शाम शालिनी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीमें पिंकी की तलाश में दबिश दे रही हैं। देह व्यापार मामले में फरार चल रही ढक्का कुंदनपुर निवासी पिंकी उर्फ संतोष को मझोला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पांच युवक और एक महिला पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। जम्मूतवी-कोलकता एक्सप्रेस में तीन लड़कियां बेटिकट पकड़ी गई थीं। बाल कल्याण समिति में काउंसिलिंग के दौरान बिहार के मधुबनी की14 वर्षीया किशोरी और बस्ती की युवती ने मझोला के कांशीरामनगर में सेक्स रैकेट की बात बताई थी। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अमित कौशल ने मझोला थाने में 21 अगस्त को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया था। बाद में मानव तस्करी, बंधक बनाकर रखने, अनैतिक देह व्यापार समेत अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई गई थीं।मझोला पुलिस टीम ने शुक्रवार को दो आरोपी अमरोहा देहात के गांव केशोपुर निवासी अवनीश यादव और बदायूं के बिसौली के गांव नवलानगला निवासी विजय ठाकुर को हर्बल पार्क के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अगले दिन सोकनपुर ओवरब्रिज के पास मुठभेड़ में बरेली के विशारत गंज के गांव अतरछेड़ी निवासी सचिन, उसी गांव के हसीन और संभल के चंदौसी थाना के गांव रुस्तमगढ़ उंधिया निवासी विकास चौहान को पैर में गोली मार गिरफ्तार किया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बुधवार को दीवान का बाजार निवासी शालिनी त्रिवेदी को जेल भेजा था। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने गुरुवार को फरार चल रही पिंकी उर्फ संतोष को गिरफ्तार कर लिया।



# मुरादाबाद में तेंदुए का आतंक: खेत में किसानों व कब्रिस्तान में बुजुर्ग पर हमला, भगदड़ मचने से कई जखमी

पाकबड़ा क्षेत्र के गांव यूसुफपुर नगरिया में तेंदुए के हमले से दहशत फैल गई। खेत पर चारा काट रहे किसान अशरफ, फहीम और सुलेमान तथा कब्रिस्तान में बैठे बुजुर्ग मोहम्मद प्रधान पर तेंदुए ने हमला किया। अफरातफरी में कई ग्रामीण घायल हुए। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। पाकबड़ा के गांव यूसुफपुर नगरिया में शुक्रवार सुबह तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। खेत पर चारा काट रहे किसान अशरफ फहीम, और सुलेमान पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। दोनों किसी तरह जान बचाकर गांव की ओर भागे।इसी दौरान कब्रिस्तान में बैठे बुजुर्ग मोहम्मद प्रधान पर भी तेंदुए ने पीछे से झपट्टा मारा लेकिन वह भी किसी तरह बच निकले। हमले की अफरा तफरी में कई ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। तेंदुए की हमले की सूचना बाद भारी संख्या में ग्रामीण इक्क्ठा हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी है।पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई है। एसईजेड के अंदर तेंदुए लंबे समय से दिख रहा है। गांव में तेंदुए की मौजूदगी से बच्चों और बुजुर्गों में खौफ का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पहले भी ग्रोथ सेंटर चौकी के पास दीवार पर तेंदुआ दिखाई दिया था। वन विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। लगातार हो रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। गांव निवासी फईम, यामीन, सुलेमान, आलम, रिजवान, अजीम आसिफ ने प्रशासन से तुरंत गांव में पिंजरा लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। फिलहाल गांव में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। ग्रोथ सेंटर चौकी प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की पुलिस लगातार गश्त कर रही है।वन विभाग को पूरे मामले की जानकारी दी गई है।



# महिला से फोन पर भेजता था अश्लील वीडियो, बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

लोन दिलाने के नाम पर बंधन बैंक कर्मचारी ने महिला से अकेले में मिलने की बात कही। इसके बाद महिला के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कर्मचारी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला का कहना है कि 25 अगस्त को वह बंधन बैंक गई थी जो कि बाबा दीप सिंह नगर में हैं। वहां पर योगेश नाम का युवक काम करता है। उसने कहा कि कागजी कार्रवाई करने के बाद लोन हो जाएगा। उसके बाद बैंक कर्मचारी ने महिला के नंबर पर संपर्क किया। कहा कि लोन लेने के लिए सेवा करनी होगी। जिसके बाद महिला ने दोबारा पूछा तो उसने अकेले मिलना होगा और शारीरिक संबंध बनाने की बात कहने लगा। ये सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसने थाने में शिकायत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संभल बवाल जांच रिपोर्ट: 100 से ज्यादा लोगों के बयान, 271 दिन में हुई तैयार... बवाल से लेकर पलायन तक का जिक्र

आयोग द्वारा 271 दिन में यह रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें 19 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के आदेश से लेकर 24 नवंबर को हुए बवाल के सभी तथ्य रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इसमें आयोग द्वारा उल्लेख किया गया है कि बवाल सुनियोजित था।जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद 29 नवंबर को गठित किए गए न्यायिक जांच आयोग ने 271 दिन बाद सीएम योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच के दौरान आयोग ने लगभग 100 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। सूत्रों का कहना है कि इस रिपोर्ट में बवाल की साजिश रचने से लेकर बवाल के दौरान सक्रियता और कमजोरी का भी उल्लेख किया गया है। आजादी के बाद जो दंगे और बवाल हुए उनका भी उल्लेख है। सांसद और जामा मस्जिद कमेटी के सदर बवाल की साजिश के आरोप में पहले से घिरे हैं। सूत्रों का कहना है कि न्यायिक जांच आयोग ने इसका भी उल्लेख अपनी रिपोर्ट में किया है।24 नवंबर को हुए बवाल के बाद 29 नवंबर को शासन की ओर से हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज देवेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में इसका गठन किया गया था। इसमें सेवानिवृत्त आईपीएस एके जैन और आईएएस अमित प्रसाद सदस्य के रूप में शामिल किए गए। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा पहला दौरा संभल का पहली दिसंबर को किया गया था। पहले दौरे के दौरान उन इलाके का भ्रमण किया था जहां बवाल हुआ था। इसके बाद तीन अन्य दौरे करने के लिए भी आयोग के सदस्य पहुंचे। उन्होंने 100 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए थे। इसमें सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों के साथ आम लोग भी शामिल थे। आयोग के सामने संभल में हुए अलग-अलग समय के दंगे की भी जांच की मांग उठी थी। जिसके बाद पुलिस-प्रशासन के द्वारा छानबीन भी शुरू की गई थी।बवाल की साजिश रचने, बवाल काबू करने और लापरवाही होने का भी रिपोर्ट में जिक्र आयोग द्वारा 271 दिन में यह रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें 19 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के आदेश से लेकर 24 नवंबर को हुए बवाल के सभी तथ्य रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इसमें आयोग द्वारा उल्लेख किया गया है कि बवाल सुनियोजित था। भीड़ को एकत्र किया गया थ। तभी शहर के हालात बिगड़े। पुलिस ने किस तरह से काबू पाया और कहां चूक रही। इन सभी बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। आजादी के बाद अलग-अलग समय में 15 बार सुलगा संभल, हिंदू पलायन कर गए सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट में हिंदू आबादी के पलायन का भी उल्लेख है। क्योंकि जब भी आयोग के सदस्य संभल दौरे पर पहुंचे तो हिंदू समाज से जुड़े लोग आयोग के सामने पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व में अलग-अलग समय में हुए दंगों की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की थी। इन मांगों को का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। आजादी के बाद से वर्ष 2024 तक हुए दंगे और बवाल से हिंदू आबादी किस तरह प्रभावित हुई और पलायन तक करने के लिए मजबूर हुई। सूत्रों का कहना है कि 1978, 1986, 1992 के दंगों से जुड़े मुकदमों की जानकारी भी रिपोर्ट में शामिल की गई है। न्यायिक जांच आयोग के दौरे कब हुए और क्या हुआ पहला दौरा- 1 दिसंबर 2024 बवाल के इलाके का निरीक्षण और शाही जामा मस्जिद का निरीक्षण किया। दूसरा दौरा- 21 जनवरी 2025 आयोग द्वारा 51 लोगों के बयान दर्ज किए गए तीसरा दौरा- 30 जनवरी 2025 सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों के बयान दर्ज किए चौथा दौरा- 28 फरवरी 2025 45 लोगों के बयान दर्ज किए। इसमें डीएम और एसडीएम भी शामिल रहे। इन 15 दंगों से प्रभावित हुआ संभल संभल में 1947, 1948, 1953, 1958, 1962, 1976, 1978, 1980, 1990, 1992, 1995, 2001 के दंगे व 2019 और 2024 के बवाल से शहर की आबादी प्रभावित हुई है। हिंदुओं की आबादी 78 साल में 45 फीसद से घटकर 15त्न रह गई देश की आजादी के बाद संभल की डेमोग्राफी सुनियोजित दंगों और तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से बदलती गई। आजादी के दौरान संभल नगर पालिका में 45 प्रतिशत हिंदू आबादी थी, जो वर्तमान में घटकर महज 15 फीसद रह गई है। यह बदलाव लगातार हिंसा की वजह से पलायन और हिंदुओं के कत्लेआम की वजह से हुआ, जिसका न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से उल्लेख किया गया है।दंगा, लव जिहाद और धर्मांतरण के जरिए हिंदुओं की कम की जाती रही आबादी संभल हिंसा की जांच करने वाले न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जब तक संभल में हिंदुओं की आबादी 40 फीसद के ऊपर रही, तब तक दंगा, लव जिहाद और धर्मांतरण के जरिए उसको कम किया जाता रहा। तब तक संभल में हिंदू-मुस्लिम के बीच संघर्ष होता रहा। जैसे ही हिंदुओं की आबादी 20 फीसद से कम हुई, यह संघर्ष विदेशी बनाम देसी मुसलमान का हो गया। संभल में तुर्क और कंवर्टेड हिंदू पठान आपस में लड़ने लगे। बीती 24 नवंबर को भड़की हिंसा की पृष्ठभूमि कई वर्षों से पनपते इसी तनाव में छिपी थी। रिपोर्ट में संभल में बीते सात दशक के दौरान हुए 15 दंगों, उनमें हुए नुकसान और टकराव की वजहों का जिक्र भी किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक संभल में 1936 से 2019 तक 15 दंगे हुए, जिनमें 213 मौतें हुईं। इनमें 209 हिंदुओं की हत्या हुई थी। 1978 में होली के बाद 184 हिंदुओं का नरसंहार हुआ था, जबकि किसी भी मुस्लिम की मृत्यु नहीं हुई थी। सभी दंगों और उपद्रव में कुल मिलाकर सिर्फ चार मुस्लिमों की मौत की जानकारी दस्तावेजों की पड़ताल में आयोग को मिली, जिनमें दो मौतें 1992 के अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के बाद भड़के दंगे और दो लोगों की मौत वर्ष 2019 में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में हुई थी। धार्मिक स्थल भी निशाने परसंभल में हिंदुओं को निशाना बनाने के साथ धार्मिक स्थलों का अस्तित्व भी खत्म किया जाता रहा। संभल में 68 तीर्थ स्थल और 19 पावन कूप थे, जिन पर कालांतर में तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से कब्जा कर लिया गया। प्रदेश सरकार ने 30 मई 2025 को इन कूपों का पुनरुद्धार किया है। इसके अलावा हरिहर मंदिर का उल्लेख भी किया गया है, जहां बाबर काल के साक्ष्य मिलने का जिक्र है। आतंकी संगठनों का भी जिक्र रिपोर्ट में संभल में कई आतंकी संगठनों के सक्रिय होने का जिक्र भी किया गया है। खासकर लाना आसिम उर्फ सना-उल-हक का उल्लेख किया गया है, जिसे अमेरिका आतंकवादी घोषित कर चुका है। यह भी सामने आया है कि संभल में अवैध हथियार और मादक पदार्थों का कारोबार तेजी से पनपता जा रहा है। सीएम ने दिया कार्रवाई का निर्देश रिपोर्ट में शासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक सीएम योगी ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सदन में पेश होगी रिपोर्ट प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि न्यायिक जांच आयोग ने अपनी गोपनीय रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी है, जिसका अध्ययन किया जाएगा। रिपोर्ट को सदन में पेश करने के लिए कैबिनेट से मंजूरी भी ली जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

# शाहबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, हत्या का आरोप

बरेली जनपद के आंवला तहसील अंतर्गत उसेता गांव निवासी वीर सिंह की पुत्री राजबाला की शादी शाहबाद के चंदपुरा सालिस गांव निवासी अरुण के साथ सन 2019 में हुई थी। राजबाला के दो बच्चों कार्तिक और सुम्मी है। राजबाला के पिता के अनुसार शादी के बाद से ही अरुण उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। रात 9 बजे फोन कर उनकी बेटी की गंभीर हालत के बारे में जानकारी दी।आरोप है कि उनकी बेटी के गले पर भी निशान थे। गुरुवार को राजबाला की मौत के बाद ससुराल के पक्ष के लोग शव को अस्पताल से अपने घर चंदपुरा सालिस लेकर पहुंचे जबकि मायके पक्ष के लोगों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह पता चल पाएगी। महिला के पिता तहरीर दे रहे है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।



# राज खुला तो दूल्हे के उड़ गए होश, दुल्हन थी पहले से शादीशुदा, उड़ा ले गई गहने और उपहार

दूल्हे को धोखे में रखकर उसकी दूसरी शादी करा दी गई। पीड़ित को बाद में पता चला कि पत्नी पहले से शादीशुदा है। आरोप है कि विरोध करने पर ससुराल पक्ष ने धमकाया और विवाहिता जेवर व उपहार लेकर मायके चली गई। पुलिस ने युवती समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।रामपुर और मुरादाबाद के लोगों ने षड्यंत्र के तहत युवती की पहली शादी छिपाकर दूसरी करा दी। हकीकत का पता चला तो दूल्हे पक्ष के लोगों के होश उड़ गए। पीड़ित परिवार ने पहली शादी के बारे में पूछा तो आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे।आरोप है कि विवाहिता सोने-चांदी के जेवर अपने मायके लेकर चली गई। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अमरोहा के मोहल्ला गस्तियान निवासी रामनिवास यादव बेटे रंजीत यादव की शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे।मार्च 2024 में रंजीत यादव की रामपुर सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी मनीष अरोड़ा और उनकी पत्नी रितु अरोड़ा उर्फ सिमरन अरोड़ा से मुलाकात हुई। उन्होंने रिश्ते की बहन आकांक्षा यादव को अविवाहित बताया। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच शादी की सहमति बन गई। 14 जून 2024 को रिश्ता तय कर दिया। 27 नवंबर 2024 को विवाह करा दिया। शादी के बाद रंजीत और उनके परिवार के लोगों को पता चला की आकांक्षा पहले से शादीशुदा है। रंजीत ने पत्नी आकांक्षा यादव और उनके परिवार वालों से पहले विवाह के बारे में पूछा तो उन्होंने मारपीट की। पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी थी। रंजीत का आरोप है कि उसकी पत्नी आकांक्षा घर में रखे सभी उपहार और आभूषण मायके लेकर चली गई। रंजीत यादव ने आकांक्षा के बारे में पता किया तो वर्ष 2019 में प्रवीण कुमार यादव नाम के व्यक्ति से पहला विवाह होने की बात पता चली। रंजीत यादव ने एसपी अमित कुमार आनंद से मामले की शिकायत की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आकांक्षा यादव, मधु यादव, प्रशांत यादव, पवन यादव, कामिनी यादव, रितु अरोरा और मनीष अरोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य की शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक अंदाज में हॉकी मैच से हुआ। मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, महापौर डॉ. उमेश गौतम और जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने स्वयं हॉकी खेलकर किया। इसके बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खिलाड़ियों व उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाई और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। खेल महोत्सव 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान हॉकी के साथ-साथ क्रिकेट, दौड़, कबड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें जिलेभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर ओर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा खेल दिवस पर आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।






# जिला अस्पताल में बाइक चोरी, युवक चढ़ा ओवरहेड टैंक पर, मचा हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली जिला महिला अस्पताल में गुरुवार रात हुई बाइक चोरी की घटना ने शुक्रवार को बड़ा हंगामा खड़ा कर दिया। पत्नी को डिलीवरी के लिए भर्ती कराने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। लेकिन जब पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने कार्रवाई में उदासीनता दिखाई तो गुस्से में आकर युवक अस्पताल परिसर में बने ओवरहेड टैंक पर चढ़ गया। जानकारी के मुताबिक किला थाना क्षेत्र के बाकरगंज निवासी अरविंद कश्यप ने गुरुवार को पत्नी को महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। रात में उसकी बाइक अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। अरविंद ने अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की, लेकिन शुक्रवार सुबह तक किसी ने उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। नाराज होकर अरविंद शुक्रवार दोपहर को ओवरहेड टैंक पर चढ़ गया और हंगामा करने लगा। मामला सामने आते ही अस्पताल स्टाफ और अन्य मरीजों के तीमारदार वहां जमा हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतारने के लिए लंबे समय तक समझाती रही। काफी मशक्कत के बाद पुलिस उसे नीचे उतारने में कामयाब हुई। लोगों का कहना है कि महिला अस्पताल परिसर में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ औपचारिकताओं तक ही सीमित है। इस घटना ने एक बार फिर अस्पताल प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को उजागर कर दिया। अस्पताल प्रशासन का पक्ष अस्पताल अधीक्षक का कहना है कि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पुलिस को उपलब्ध कराया जा रहा है।पुलिस का पक्ष कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर बाइक बरामद की जाएगी।




# नाम बदलकर युवती को प्रेमजाल में फसाया, फिर किया यौन शोषण पीड़िता ने कराई रिपोर्ट दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली बरेली। नाम बदलकर युवती को प्रेमजाल में फसाकर यौन शोषण करने वाले युवक के खिलाफ पीड़िता ने इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आलम ने अपनी पहचान छिपाकर उसे प्रेमजाल में फंसाया। पांच साल तक उसका यौन शोषण करता रहा। हकीकत पता लगी तो उसने जान से मारने की धमकी दी है। पहचान छिपाकर दूसरे धर्म की युवती को फंसाने व पांच साल तक यौन शोषण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां आलम नाम के युवक ने पांच साल तक अपनी पहचान छिपाए रखी। वह खुद को प्रेम सिंह बताता रहा और युवती का यौन शोषण करता रहा। जब युवक की हकीकत खुली तो युवती के होश उड़ गए। पीड़ित युवती पीलीभीत जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने आरोपी के खिलाफ इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवती ने थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बताया कि आलम से उसकी मुलाकात पांच साल पहले हुई थी। उसने अपना नाम प्रेम सिंह बताया और उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उसे पांच साल से इज्जतनगर थाना क्षेत्र की विष्णु धाम कॉलोनी में किराए के मकान में पत्नी की तरह रख रहा था। शादी का झांसा देकर आलम उर्फ प्रेम सिंह ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। जब युवती को हकीकत का पता चला तो वह सन्न रह गई। आरोप है कि आलम और उसके घरवालों ने युवती को जान से मारने की धमकी दी। उसके परिवारवालों ने यहां तक कह दिया कि अगर पुलिस में शिकायत की तो तेरे टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। मजबूर युवती काफी समय तक परेशानी झेलती रही। अब उसने आरोपी व उसके घरवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूरिया मे सुबहा हुई मूसलाधार वारिश से सड़को पर भरा गंदा पानी

क्यूँ न लिखूँ सच /बब्लू / न्यूरिया मे आज सुबहा सात बजे के आसपास दोपहर तक जमकर मूसलाधार वारिस से नगर पंचायत के साफ सफाई का सही से न होने के कारण अधिकांश नाला नालियों की सफाई न होने के कारण अधिकतर मोहल्लो की गलियों मे जल भराव हो गया सड़को पर जल भराव होने से सुबहा स्कूली बच्चों को सड़क पर भरे पानी से गुजरना पड़ा आज सुबहा सात बजे झमा झम वारिस होने लगी दोपहर दो बजे तक वारिश होती रही वारिश ने नगर की नाला नाली चोक होने से मैन बाजार, मोहल्ला तिगरी मोहल्ला ठाकुरद्वारा स्टेशन रोड बस स्टैंड मार्ग पर जल भराव हो गया किसानो को इस वारिश से लाभ हुआ है जबकि इस समय किसानो को फ़सल के लिए पानी की बहुत जरूरत थी और इस वारिश से उनकी धान और गन्ने की खेती मे अब सिचाई नहीं करनी पड़ेगी किसानो का डीजल ख़र्च बच गया इस वारिश से किसानो के चेहरे पर खुशी दिख रही है



# मनरेगा में बड़ा घोटाला : बरेली के मझगवां में फर्जी हाजिरी से सरकारी धन की लूट !

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली, यूपी: महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना, जो गरीबों को रोजगार देने का एक महत्वपूर्ण साधन है, भ्रष्टाचार का गढ़ बनती जा रही है। आपको बताते चलें कि बरेली जिले के मझगवां ब्लॉक की चुरहा नवादा पंचायत में एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मनरेगा के तहत हुए काम में फर्जी हाजिरी लगाकर करोड़ों रुपये के सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है। मनरेगा के तहत बाबा शंकर दास की मढ़ी से वीरबल के खेत तक चकमार्ग पर मिट्टी कार्य के लिए हुए काम में भारी अनियमितताएं देखने को मिली हैं। फर्जीवाड़े की परतें खुलती हैं दिनांक 8, 9 और 10 अगस्त 2025 की मास्टर रोल संख्या 2557 और 2558 में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं: फोटो से फोटो अपलोड: रोजगार सेवक लालाराम ने मजदूरों की हाजिरी को NMMS (National Mobile Monitoring System) ऐप पर अपलोड करते समय लाइव फोटो की बजाय, पहले से खींची गई तस्वीरों की फोटो लेकर अपलोड किया है। यह सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है और फर्जीवाड़े का स्पष्ट सबूत है। तस्वीरों का दोहराव: इस फर्जीवाड़े में सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि एक ही तस्वीर को अलग-अलग दिनों की हाजिरी में बार-बार इस्तेमाल किया गया है। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि काम की जगह पर मजदूर मौजूद ही नहीं थे, और यह सब सिर्फ कागजों पर किया गया है। महिला मजदूरों की गैरमौजूदगी: मास्टर रोल संख्या 2557 और 2558 में किरण देवी और ओमवती सहित अन्य महिला मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है, लेकिन NMMS पर अपलोड की गई किसी भी तस्वीर में एक भी महिला मजदूर दिखाई नहीं दे रही है। सरकारी धन की बंदरबांट इस पूरे मामले को देखकर साफ है कि यह सिर्फ एक रोजगार सेवक का कारनामा नहीं है, बल्कि यह एक संगठित भ्रष्टाचार है। ऐसा लगता है कि इसमें रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, महिला मेट, प्रधान और ब्लॉक स्तर पर बैठे उच्च अधिकारियों की मिलीभगत है। इन सब ने मिलकर मनरेगा को गरीबों को रोजगार देने की योजना नहीं, बल्कि पैसा कमाने का एक जरिया बना दिया है। यह सीधे-सीधे सरकारी धन की लूट है। उम्मीद है कि यह खबर अधिकारियों को नींद से जगाएगी और वे इस मामले में तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। मास्टर रोल संख्या 2557 में मजदूरों के नाम: धनपाल, किरण देवी, यकराम, छोटे लाल, सुनील, अतुल कुमार, राम किशन, जितेन्द्र, अवधेश, राम प्रकाश। मास्टर रोल संख्या 2558 में मजदूरों के नाम: सुमेरी, लालाराम पुत्र सुमेरी, दयाराम, बुधपाल, रक्षपाल, सर्वेश, चंद्रसेन, जयपाल, ओमवती, अशोक। ये सभी नाम अब जांच के दायरे में हैं, क्योंकि इनमें से कई मजदूरों के नाम की हाजिरी फर्जी तरीके से लगाई गई है। यह एक गंभीर अपराध है और इसमें लिप्त सभी लोगों पर कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।



# थिएटर फेस्टिवल के दसवें दिन नाटक आखरी रंग में जीवन के संघर्ष और भावनाओं का चित्रण

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली थिएटर अड्डा में रंगालय एकेडेमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित तृतीय 15 दिवसीय थिएटर फेस्टिवल का दसवां दिन भावनाओं और रंगों से सराबोर रहा। खुशलोक सभागार में शाहजहांपुर की युथ थिएटर टीम ने नाटक 'आखरी रंग' का मंचन कर दर्शकों को जीवन की सच्चाइयों और कलाकार के संघर्षों से रूबरू कराया। नाटक की कथा एक कलाकार के जीवन की खुशियों, बलिदानों और संघर्षों पर आधारित रही। मंच पर जहां वह समाज को रंगों और अभिनय के जरिए गहराई से छूता है, वहीं निजी जीवन में अक्सर वह बेरंग और कठिनाइयों से भरा रहता है। 'आखरी रंग' के लेखक युग मेहता और निर्देशक शादान खान ने कलाकार की भावनाओं, उसकी जिजीविषा और दर्शकों के लिए किए गए त्याग को बेहद संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया। प्रभावशाली संवादों ने कलाकार के द्वंद्व, तालियों की गड़गड़ाहट और वाहवाही के पीछे छिपे संघर्ष को उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर पार्षद राजेश अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता और डॉ. विनोद पागरानी ने उपस्थित होकर फेस्टिवल का शुभारंभ किया। थिएटर फेस्टिवल में शनिवार को युगांधर थिएटर बरेली द्वारा नाटक 'दूसरा आदमी दूसरी औरत' का मंचन किया जाएगा। आयोजक शैलेन्द्र आजाद ने बताया कि इस फेस्टिवल में बरेली का सांस्कृतिक माहौल और अधिक जीवंत हुआ है। देशभर से आई टीमें अपनी कला का परिचय दे रही हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ रही हैं। दस दिनों की शानदार प्रस्तुतियों के बाद अब दर्शक अगले पांच दिनों में और भी उत्कृष्ट नाटकों का आनंद उठा सकेंगे।



# जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा आज जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेश गुप्ता/ शामली कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुये उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के कड़े निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।बैठक में सैनिक बन्धु द्वारा ज्यादातर शिकायत राजस्व विभाग से संबंधित बताई गई जिसके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में ज़िलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा और कोई भी भूतपूर्व सैनिक किसी भी समय अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिल सकते हैं। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जब भी बैठक हो उससे 15 दिन पूर्व एक समीक्षा बैठक आयोजित कराई जाए ताकि सैनिक बन्धु की शिकायतें को और त्वरित गति से निस्तारित किया जा सके। बैठक में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार शामली मनोज कुमार,कर्नल अजय सिंह सहित सैनिक बन्धु आदि मौजूद रहें।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# 03 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी / आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।




# पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद बहराइच के सराहनीय कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी /थाना को0मूर्तिहा पुलिस द्वारा 05 वारण्टी 1.उमेश पुत्र कल्लू उम्र करीब 25 वर्ष निवासी पसियन कुट्टी दा0 मधवापुर थाना को0मुर्तिहा जनपद बहराइच सम्बन्धित मु0सं0 10415/18 धारा 9, 27, 29, 31, 39, 50, 51, 52 WLP ACT, 2.राधे पुत्र शम्भू उम्र करीब 58 वर्ष, 3.वीरेन्द्र पुत्र राधे उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण सीताराम पुरवा दा0 लालबोझा थाना को0 मुर्तिहा जनपद बहराइच सम्बन्धित मु0सं0 9974/20 धारा 323,504,506 भादवि0 थाना को0मुर्तिहा अ0सं0 140/2019, 4.मोहन लाल हरिजन पुत्र बुद्धू निवासी कठौतिया महाराज सिंह थाना को0 मुर्तिहा जनपद बहराइच सम्बन्धित मु0सं0 93/17 धारा 143,352,504,506,427 भादवि0 थाना को0मुर्तिहा अ0सं0 83/92, 5. दुबर पुत्र कन्धई उम्र करीब 57 वर्ष गोकुलपुर दा0 धरमपुर थाना को0 मुर्तिहा जनपद बहराइच सम्बन्धित अ0सं0 90/19 आदि धारा 323, 504भादा0गिरफ्तार

# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं।

क्यूँ न लिखूँ सच / शैलेन्द्र कुमार पांडेय / पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।



# पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / शैलेन्द्र कुमार पांडेय / विवरण-पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान में गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करके अभियान को सफल बनाने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय महसी श्री डी0के0 श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री आलोक सिंह के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं 303/2025 धारा 64(1),352,351(3) BNS व 5J(2)/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त 1.विजय मिश्रा पुत्र ओमकार मिश्रा निवासी मैला सरईया थाना बौण्डी जनपद बहराइच मुखबीर खास की सूचना पर रमवापुर भारत पेट्रोल पम्प के पहले किसान गंज मोड के पास रोड से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बहराइच रवाना किया गया ।



## जिला निर्वाचन जिला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेश गुप्ता/ मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों का निर्धारण किये जाने संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी




अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्षों तथा उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिक मतदाता होने के कारण ऐसे मतदेय स्थल जिनके भवन जर्जर या बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये हैं, तथा किसी अन्य अपरिहार्य कारणों से मतदेय स्थलों के भवनों में परिवर्तन आवश्यकता के आधार पर निर्देश दिये है। बैठक में पूर्व में स्थापित मतदेय स्थल सूची तथा वर्तमान परिवर्तन किये जाने मतदेय स्थलों की सूची उक्त बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गयी है। बैठक में बताया गया कि यदि किसी मतदेय स्थलों में परिवर्तन किया जाना है, तो जिला निर्वाचन कार्यालय को दिनांक-04.09.2025 तक आवश्यक रूप में प्रार्थना पत्र उपलब्ध करा सकते है। जिनका विवरण निम्नवत् है। मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन हेतु कुल मतदाता-1668, कुल मतदेय स्थल-6, मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन हेतु कुल मतदाता- 9467 पूर्व कुल मतदेय स्थल- 13 बढाये जाने वाले प्रस्तावित मतदेय स्थल-3 इस प्रकार कुल मतदेय स्थल की संख्या-16 है। बैठक में श्री सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), शामली,एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय आदि मौजूद रहें।

## जन सुनवाई में पहुंचे 21 वर्षीय दिव्यांग युवक ने प्रार्थना पत्र देकर पढ़ने की जतायी इच्छा और माँगी सहायता

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/जनपद जालौन/ जन सुनवाई के दौरान शुक्रवार को एक अनोखा प्रकरण सामने आया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। उमरार खेड़ा निवासी 21 वर्षीय जीतू पुत्र जनक सिंह जिलाधिकारी



राजेश कुमार पाण्डेय के समक्ष पहुंचे और प्रार्थना पत्र देकर पढ़ाई की इच्छा जताई। जीतू की लंबाई महज साढ़े तीन फुट है और अब तक वह कभी स्कूल भी नहीं जा सका। जीतू ने बताया कि बचपन से ही पारिवारिक परिस्थितियां प्रतिकूल रहीं। उसकी मां पैरालिसिस से जूझ रही हैं, जबकि पिता एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल होकर रीढ़ की हड्डी की चोट से पीड़ित हैं। इन परिस्थितियों के चलते वह शिक्षा से पूरी तरह वंचित रह गया। जीतू ने भावुक होकर कहा कि हाल ही में उसने अखबार में पढ़ा कि मुख्यमंत्री जी की योजना से जिलाधिकारी ने एक बच्ची जानवी की शिक्षा का जिम्मा उठाया है। उसी से प्रेरित होकर वह भी अपने सपनों को पूरा करने की आस लेकर जिलाधिकारी के पास आया है। उसका कहना था कि वह पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता है और जीवन में कुछ करना चाहता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उसकी बात ध्यान से सुनी और बीएसए सीएमओ एवं समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर उसकी सभी व्यवस्था कराई। सुनवाई के दौरान युवक को आश्वस्त करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश हैं कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी क्रम में कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच कर अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए, ताकि जीतू को पठन पाठन और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जिलाधिकारी ने मौके पर ही जीतू को कॉपी, किताबें, बैग और यूनिफॉर्म आदि की व्यवस्था भी करायी ।

## मा0 मुख्यमंत्री ने लखनऊ से खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जालौन के खिलाड़ियों ने हॉकी में दिखाया दम

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार /जनपद हॉकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित



पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, विजयंतखंड, गोमतीनगर में सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के लिए 88 पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की। इस अवसर का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के इंदिरा स्टेडियम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में सांसद नारायण दास अहिरवार, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय सहित जनपद के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन बड़े उत्साह से सुना। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इंदिरा स्टेडियम में खिलाड़ियों द्वारा हॉकी मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल भावना का विकास और मेजर ध्यानचंद के आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करना रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र कुशवाहा आदि सहित संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधि व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## विहिप बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद जिला मंत्री तेजस मौजूद रहे कोंच(जालौन)




प्रखंड ग्रामीण कोंच द्वारा ग्राम पहाड गांव में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का 61 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा जिला मंत्री आचार्य तेजस जी जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य जिला कार्याध्यक्ष गिरीश पालीवाल कोंच ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष अवधेश पटेल प्रधान पचीपुरी प्रखंड मंत्री राजेश जी प्रखंड सहमंत्री एस के जाटव कुंवरपुरा नरेंद्र पटेल संतोष गोस्वामी नीरज मिश्रा आदि मंचस्थ रहे इस कार्यक्रम में भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया इस के बाद अतिथि जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा आदि आचार्य ने अपने अपने विचार रखे और संगठन में कार्य करने का आवाहन किया और स्थापना दिवस के संबंध में विचार व्यक्त किये इस अवसर पर यशपाल सिंह राजपूत मानसिंह राजपूत पूरण सिंह रज्जू सिरोठिया अंशुल राजपूत बीरेंद्र राजपूत अजित झा कन्हैया लाल कुशवाहा हरिओम सविता भान सिंह नरेंद्र अखलेश रावत मोदी गुप्ता सत्य जीत अर्पित गुप्ता नीतू महाराज देवेंद्र राजपूत सुनील राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज नायक ने किया

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम को शिकायती पत्र देख कार्यवाही की गुहार लगाई

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) नगर के मोहल्ला गोखले नगर निवासी लक्ष्मण सिंह पुत्र स्व सुखु कुशवाहा ने एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि प्रार्थी के पिता स्व सूखु कुशवाहा के नाम तहसील कोंच में आर सी जारी हुई थी जिसमें प्रार्थी ने 28/6/23 को आर सी जमा करने के लिये संग्रह अमीन राघवेंद्र शर्मा को बीस हजार रुपए दिये थे जिन्होंने मुझको स्टेट बैंक कोंच की फर्जी रसीदें दे दी तथा तेरह हजार रूपये अमीन को दिये थे परन्तु अमीन ने एक भी रुपया जमा नहीं किया मेरे द्वारा रुपया जमा करने पर वह अमीन धमकी देता है पीड़ित ने एसडीएम से समुचित कार्य वाही किये जाने की मांग की है

### एसडीएम कोंच से शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) कोंच बार संघ के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार तिवारी और पूर्व सचिव ओ पी



अग्रवाल ने एसडीएम ज्योति सिंह को पत्र देकर अवगत कराया है कि कोंच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से लगी एटीएम मशीन एवं अल्ट्रासाउंड भी मशीन का कोंच नगर और क्षेत्र वासियों के जरूरत मंद मरीजों को मशीनों की जांच न होने के कारण कोई लाभ नहीं मिल मिल पा रहा है जब कोई मरीज अस्पताल में कर्मचारियों से उक्त मशीनों द्वारा जांच की बात करता है तो संबंधित अस्पताल के कर्मचारी कहते है कि मशीनों के डाक्टर अथवा ऑपरेटर उपलब्ध नहीं है इस लिए जांचे नहीं हो पायेगी मरीजों को इलाज कराने के लिये अत्याधिक पैसा एवं समय खर्च करके अस्पताल के बाहर से जांचे करवाने के लिये मजबूर होना रहा जिसमें नगर और क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हो रही है और कोई लाभ नहीं मिल रहा है और समय से इलाज संभव नहीं हो पा रहा उन्होंने एसडीएम से निवेदन किया है कि जनहित में उचित कार्यवाही करते हुये वर्षों से बंद पड़ी एटीएम मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीनों पर डॉक्टर अथवा ऑपरेटर की उपस्थिति आवश्यक है कि जावे उन्होंने कार्यवाही की मांग की है

### उन्नतशील कृषकों को मिलेगा पुरस्कार, आवेदन 8 सितम्बर तक आमंत्रित

क्यूँ न लिखूँ सच /शिवपुरी। कृषि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। इस योजना का उद्देश्य उन कृषकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्रों में नवाचार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए ?25,000 तथा विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार के लिए ?10,000 की राशि निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार उन किसानों को दिए जाएंगे जिन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक विधियों एवं नवीन तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग कर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। कृषि विभाग ने पात्र कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक कृषक अपना आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 8 सितम्बर 2025 तक अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप संबंधित विकासखण्ड में नियुक्त बीटीएम (आत्मा)/एसएडीओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि गत वर्षों में इस योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त करने वाले कृषक इस वर्ष पात्र नहीं होंगे, जिससे अन्य नए कृषकों को भी नवाचार के लिए प्रोत्साहन मिल सके। कृषि विभाग द्वारा यह पहल किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## पर्यावरण के प्रति उदार बनें, तभी बप्पा करेंगे उद्धार - श्रीमती रंजना चतुर्वेदी

क्यूँ न लिखूँ सच /शिवपुरी,राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की सलाह पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय विजयपुर, गुना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार संचालन प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी गया कि स्वच्छ, सुरक्षित और क्रियाशील पर्यावरण प्रत्येक प्रदूषण फैलाने वालों एवं पर्यावरणीय कानूनों का उल्लंघन है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानूनों एवं दिशानिर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने खासतौर मिट्टी से बनी मूर्तियों के उपयोग की अपील की। उन्होंने से बनी चीज़ों को त्यागना होगा, क्योंकि ये जल स्रोतों, शुक्ला ने भारतीय परंपराओं, अनुशासन और स्वच्छता को नियंत्रण बोर्ड के श्री के.बी. शर्मा ने उपस्थित जनों को ई-जानकारी दी और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग




में पर्यावरण जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को यह संदेश दिया व्यक्ति का बुनियादी मानव अधिकार है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि करने वालों के विरुद्ध शीघ्र एवं प्रभावी दंड सुनिश्चित किया जाना आवश्यक की सचिव श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न पर आगामी गणेश उत्सव के मद्देनज़र मूर्तिकारों सेजी प्राकृतिक रंगों और कहा, 卐पर्यावरण के प्रति उदार बनें, तभी बप्पा करेंगे उद्धार। हमें केमिकल जीव-जंतुओं और मानव जीवन को हानि पहुंचाती हैं। एडीएम श्री दिनेश पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए सकारात्मक पहल की सराहना की। प्रदूषण वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट एवं अन्य अपशिष्ट प्रबंधन के प्रावधानों की की आवश्यकता पर बल दिया।नगर पालिका के अधिकारियों ने सामग्री के पृथक एकत्रीकरण (source segregation) की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं यातायात विभाग के प्रभारी ने पॉलिथीन प्रतिबंध और वाहन प्रदूषण नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में कोतवाली एवं यातायात थाना प्रभारी, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर पालिका शिवपुरी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैरा लीगल वालंटियर्स, मूर्तिकार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण बल्लभ शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुख्य विधिक सहायता प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण निवारण अधिनियम, चिकित्सा अपशिष्ट नियम 2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# बारिश से कच्चा मकान भरभराकर गिरा ,कोई हताहत नहीं

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार /पीलीभीत  शुक्रवार सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश गरीब परिवारों के लिए आफत बनकर आई है। लगातार हो रही बारिश के कारण बुजुर्ग का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया, जिसमें परिवार के लोगों ने मुश्किल से जान बचाई और घरेलू सामान दबकर खराब हो गया। विकासखंड अमरिया  क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़सेना मदारी में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब लगातार बारिश के चलते एक कच्चे मकान की छत भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। गांव के निवासी खुशीराम पुत्र हरिराम 65 वर्ष का मकान पुराना होने के कारण मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। सौभाग्य से परिवार के सदस्य उस समय घर के दूसरे हिस्से में थे। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से खुशीराम का खाद्यान्न, भूसा और अन्य घरेलू सामान दब गया है। उनके के अनुसार इस हादसे से उन्हें लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। खुशीराम का पुत्र ताराचंद मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है, अपने कच्चे मकान में पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। शुक्रवार को लगभग 11.30 बजे बारिश की वजह से मकान अचानक भरभरा कर गिर गया।  जिससें उनका मकान पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि खुशीराम का परिवार बेहद गरीब है और पहले ही मुश्किल हालात में जीवन यापन कर रहा है। प्रशासन से अब तक कोई मदद नहीं मिली है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है ताकि परिवार को राहत मिल सके। प्रधान पुत्र ने बताया लेखपाल को घटना दी गई है। जानकारी देने के बावजूद भी कोई भी प्रशानिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुचा।



# दलित सफाईकर्मी से मारपीट के मामले में प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / विकासखंड अमरिया में प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत निसरा के ग्राम प्रधान पति ने अपने भतीजे तथा अन्य दो साथियों के साथ की मारपीट के मामले में विकासखंड कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दलित सफाई कर्मी  के साथ ग्राम प्रधान पति ने अपने भतीजे तथा अन्य दो साथियों के साथ की मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों के गालियां देने को फर्जी आरोप बताकर  निष्पक्ष जांच की मांग की है। अमरिया ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मंगली प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें दलित सफाई कर्मी के साथ ग्राम पंचायत निसरा के ग्राम प्रधान पति ने अपने भतीजे तथा अन्य दो साथियों के साथ की मारपीट के मामले में मंथन किया गया। प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष मंगली प्रसाद वर्मा ने बताया की ग्राम पंचायत निसरा के प्रधान पति मोहम्मद इस्लाम तथा उनके भतीजे पर दलित सफाई कर्मचारी राजेंद्र पाल द्वारा लगाए गए  मारपीट के फर्जी आरोप लगाए गये है। प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष मंगली प्रसाद वर्मा द्वारा पुलिस से उक्त मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा उक्त आरोप पूरी तरह फर्जी एवं निराधार हैं। घटना स्थल पर न तो कोई मारपीट हुई है और न ही कोई अन्य विवाद हुआ है। मामले की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ है सफाई कर्मचारी शराब के नशे में था और उसने सफाई का काम करने से इनकार कर दिया था। इसके विरोध में उसने झूठे आरोप लगाए जो न सिर्फ ग्राम प्रधान और उनके परिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है बल्कि ग्राम पंचायत की समरसता को भी बिगाड़ने वाला कार्य किया गया है। इस मामले को एडीओ पंचायत के समक्ष भी प्रस्तुत किया गया मारपीट के कोई साक्ष्य नहीं मिले। ग्राम प्रधान इकाई संघ  जिला प्रशासन से निष्पक्ष  त्वरित जांच की मांग करता है। प्रधान संगठन उक्त मामले में जिला प्रशासन से मिलकर अपना पक्ष रखेगा।





दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# 2026 में होने वाली बाघ गणना के लिए 1 से 3 सितम्बर तक आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / वर्ष 2026 में होने वाली राष्ट्रीय बाघ गणना के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 1 से 3 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के विभिन्न टाइगर रिजर्व और वन्यजीव अभयारण्यों के वन अधिकारी शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (ह्रञ्जष्ट) द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य बाघों की संख्या का सही आकलन करने के लिए वन अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है। इस दौरान वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के विशेषज्ञ बाघ गणना की बारीकियां समझाएंगे। शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी व शारदा की तराई में बसे जंगलों को तराई का आर्कलैंड कहा जाता है। जैवविविधता के लिहाज से इस क्षेत्र को काफी संपन्न माना जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 730 वर्ग किलोमीटर में फैले इस जंगल को बेहतर ग्रासलैंड और पर्याप्त जलस्रोतों के चलते यहां वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है?। महज 4 साल में बाघों की संख्या दोगुनी होने के चलते पीलीभीत टाइगर रिजर्व अंतरराष्ट्रीय ञ्जङ्ग2 अवार्ड भी हासिल कर चुका है। संरक्षण मॉडल के लिहाज़ से भी इस टाइगर रिज़र्व को काफी अधिक सराहा जा रहा है 1 से 3 सितम्बर के मध्य यहां वर्ष 2026 में होने वाली बाघ गणना के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क शामिल होंगे। इनमें उत्तराखंड के राजाजी नेशनल पार्क व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, यूपी के पीलीभीत, दुधवा व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व शामिल हैं। इसके साथ ही उत्तराखंड की नंधौर वाइल्डलाइफ सेंचुरी, यूपी की किशनपुर, सुहेलवा, कतर्नियाघाट व दक्षिण खीरी वन प्रभाग शामिल होंगे। यह सभी अभ्यारण्य बाघ संरक्षण के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हैं। इससे पूर्व वर्ष 2022 में बाघों गणना हुई थी। वर्ष 2022 की राष्ट्रीय बाघ गणना के दौरान पीटीआर को 365 ग्रिड में विभाजित किया गया था, जो प्रत्येक 2 वर्ग किलोमीटर को कवर करता था। वहीं दुधवा टाइगर रिजर्व व इसमें शामिल (दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट और किशनपुर) सहित, 887 ग्रिड में विभाजित किया गया था। बाघों की तस्वीरें लेने के लिए प्रत्येक ग्रिड में दो कैमरा ट्रैप लगाए गए थे। बाघों के शिकार जिसमे विशेष रूप से बड़े खुर वाले जानवरों का आकलन करने के लिए दुधवा में 114 और पीटीआर में 54 ट्रांसेक्ट लाइन स्थापित की गई थी। बाघों की गणना करने की प्रक्रिया इतनी सरल नहीं होती। इसके लिए घने जंगलों के बीच बाघों की संभावित मौजूदगी वाले स्थानों में मौजूद पेड़ों पर ठीक आमने-सामने 2 ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं, जिनमें लगा सेंसर किसी भी वन्यजीव के आने-जाने पर उनकी तस्वीर कैद कर लेता है। इसके बाद तय समय तक कैमरे में कैद की गई तस्वीरों में से बाघों की तस्वीरों को अलग किया जाता है। बाघों की धारियां, मानवों के फिंगरप्रिंट जैसी यूनिक होती हैं, बाघों के शरीर पर मौजूद धारियों की तस्वीरों के आधार पर विशेषज्ञ संख्या का अनुमान लगाते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में राष्ट्रीय बाघ गणना के लिए वन कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल के अनुसार वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों द्वारा बाघ गणना की ट्रेनिंग दी जाएगी।

# लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने किया प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच /सूरजपुर/प्रेमनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना की जमीनी हकीकत जानने के लिए सूरजपुर जिले के लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को प्रेमनगर विकासखण्ड के अंतिम छोर पर बसे तारा और शिवनगर पंचायतों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को देखा और आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से सीधी बातचीत की। लोकपाल ने ग्रामीणों से पूछा कि योजना का लाभ उन्हें कितनी सहजता से मिल रहा है और निर्माण कार्य में उन्हें किन-किन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर कई लाभार्थियों ने सामग्री की महंगाई और निर्माण कार्य में देरी जैसी समस्याओं से अवगत कराया। शौचालय निर्माण पर भी दिया जोर लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास के साथ-साथ शौचालय निर्माण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल आवास देना ही नहीं बल्कि स्वच्छ और सुरक्षित जीवनशैली उपलब्ध कराना भी है। मनरेगा कार्यों की भी की समीक्षा निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। ग्राम पंचायत तारा के रोजगार सहायक तारा यादव एवं शिवनगर के रोजगार सहायक बाबूलाल निरीक्षण में साथ रहे। सीमावर्ती पंचायतों में पहली बार लोकपाल का निरीक्षण उल्लेखनीय है कि सूरजपुर जिले की सीमा पर बसे तारा और शिवनगर पंचायतें अत्यंत दुर्गम व पिछड़े क्षेत्र मानी जाती हैं। यहाँ विकास कार्यों की प्रगति देखने पहली बार किसी वरिष्ठ अधिकारी का पहुँचना ग्रामीणों के लिए उत्साहजनक रहा। लोकपाल ने लाभार्थियों से कहा कि वे आवास निर्माण कार्य में तेजी लाएँ और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करें। ग्रामीणों में दिखा उत्साह लोकपाल की पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। लाभार्थियों ने भरोसा जताया कि अब उनकी समस्याओं का निराकरण तेजी से होगा और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का वास्तविक लाभ मिल सकेगा।



# एनएचएम कर्मचारियो ने मोदी की गारंटी खोज अभियान के तहत निकाली रैली पी पी ई कीट पहनकर मांगी भीख

क्यूँ न लिखूँ सच /सूरजपुर/प्रेमनगर।*एनएचएम कर्मचारियो ने मोदी की गारंटी खोज अभियान के तहत निकाली रैली *पी पी ई कीट पहनकर मांगी भीख. 18 अगस्त 2025 से सभी जिलों में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। प्रदेश ह्र॥रू लेकर 33 जिलों में जोरदार संघर्ष चल रहा है। बिना बार-बार भ्रामक बयान दिए जा रहे हैं।इसके विरोध सभी जिलों के साथ-साथ बिलासपुर संभाग के विरोध प्रदर्शन कर और एक विशाल रैली निकालकर कर हमें हमारा हक दिया जाए।  अन्य संभाग - अपने जिलों में ऊर्जा के साथ धरना प्रदर्शन जारी . की गारंटी खोज अभियान चलाकर तिरंगा रैली के समस्त एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए. रैली को तोपान सिंह दायमा ने कहा हम पिछले 20 साल से वेतन मे सेवा देने को मजबूर है,अभी पिछले 20 बाद भी हमारी मांगो को अनसुना किया जा रहा है, कर्मचारी संघ की नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित 10 सूत्रीय मांगों को कोई लिखित आदेश के स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा हमारी 5 मांगों पर में  आज, 29 अगस्त 2025 दिन-शुक्रवार को रायपुर व दुर्ग संभाग के मुंगेली जिले के ह्र॥रू साथी तुता, रायपुर धरना स्थल पर जोरदार शासन को फिर से चेतावनी .20 वर्षों से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा बस्तर, सरगुजा, एवं बिलासपुर (मुंगेली को छोड़कर) - अपने-आज सूरजपुर मे भी प्रांतीय आह्वान पर एनएचएम कर्मचारियो ने मोदी निकाला गया.एवं भीख मांग कर विरोध प्रदर्शन किया. रैली मे जिले भरपूर जनसमर्थन भी मिला. जिलाध्यक्ष बृजलाल पटेल एवं प्रवक्ता शोषित, पीड़ित एवं वंचित है.हमारी चिंता कोई नही कर रहा है,अल्प-महीने मे लगभग 160 बार से अधिक ज्ञापन, आवेदन, निवेदन के सरकार से जल्द-से-जल्द नियमितीकरण की घोषणा करने की मांग किया गया. एनएचएम कर्मचारियों ने भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा इसे मुख्य मंत्री राहत कोष मे जमा करेंगे ताकि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा घोषित 27त्न वेतन वृद्धि का भुगतान हो सके. 19 जुलाई 2023 को विधानसभा मे पूर्व मुख्य मंत्री महोदय द्वारा 54 विभाग के 37000 संविदा कर्मचारियो के लिए 27त्न वेतन वृद्धि की घोषणा करते हुए बजट स्वीकृत किया गया था,अन्य विभागो के संविदा कर्मचारियो 27त्न वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया गया परन्तु स्वास्थ्य विभाग के 16000 कर्मचारियो को इससे वंचित रखा गया. एनएचएम कर्मचारियो को कहा जाता है,कि 2019 से 2022 तक लगभग 22 त्न भुगतान हो चुका है,आपका 5त्न भुगतान शेष है,जबकि 2023 मे राज्य सरकार द्वारा 27त्न एकमुश्त वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया तो 2019 से घटाना  समझ से परे है.दूसरी बात जिस 5त्न की बात किया जा रहा है वह हमारे कार्य मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक वेतनमान वृद्धि है,जो कि केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाता है. इसी तरह हमारी सभी मांगो पर लिखित आदेश निकालने के बजाय गुमराह किया जा रहा है. एनएचएम कर्मचारी संघ मांग करता है कि जल्द-से-जल्द उनके मांगो पर उचित निर्णय लिया जाये,एवं संवाद स्थापित किया जाए. सरकार के अड़ियल रवैए के कारण स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल करने विवश है. आश्वासन नही आदेश चाहिए.



## संक्षिप्त समाचार

# साइबर अपराध देश, प्रदेश में बहुत तेजी से फैल रहा है जिसके लिए पीलीभीत पुलिस हेल्पलाइन

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / देश और प्रदेश में साइबर अपराध बहुत तेजी से फैल रहा है। जिससे प्रतिदिन दर्जनों व्यक्ति शिकार हो रहे हैं।  व्यक्तियों से कहा जाता है कि तुम्हारे परिवार का व्यक्ति किसी कार्य में फस गया है। क्राइम में क्या करना है। कितने पैसे दोगे। और तुम्हारा वीडियो वायरल हो रहा है क्या करना है समझौता करना है, खर्चा देना पड़ेगा। ऐसे बहुत कैसे देश और प्रदेश में हो रहे हैं। साइबर क्राइम साइबर अपराध बहुत तेजी से फैल चुका है। जिसको कंट्रोल करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक  पीलीभीत के द्वारा साइबर अपराध की शिकायत के लिए पीलीभीत पुलिस हेल्पलाइन 7830182626 शुरू किया गया है। जो 24 घंटे व्हाट्सएप कॉल पर उपलब्ध है। साइबर अपराध की शिकायत के लिए पीलीभीत पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर- 7830182626 शुरू किया जा रहा है, जो 24 घंटे व्हाट्सअप व काल पर उपलब्ध है।यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध की शिकायत 1930/ NCRP पोर्टल पर दर्ज कराने में असमर्थ है, वह इस नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है 7

# हाथी और बाघ की दस्तक से सहमा मोहर सोप

क्यूँ न लिखूँ सच /सूरजपुर/ वन विभाग कर रहा जागरूकता, पर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की चुप्पी सवालों में सरपंच-उपसरपंच की मौजूदगी में ग्रामीणों को दी गई समझाइश संवाददाता, पप्पू जायसवाल, बिहारपुर/सूरजपुर (छत्तीसगढ़) गाँव में दहशत का माहौल सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहर सोप में इन दिनों जंगली हाथियों और बाघ की हलचल ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है। हाथियों का झुंड पास के जंगलों में डेरा डाले हुए है, वहीं बाघ की मूवमेंट भी दर्ज की गई है। ग्रामीण जंगल की ओर जाने से डर रहे हैं और खेतों में काम करते समय भी लगातार खतरे की आशंका बनी हुई है।

दो विभागों का जंगल - पर पहल सिर्फ एक की मोहर सोप का क्षेत्र विशेष है क्योंकि यहाँ वन विभाग और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान (रेण्ड पार्क परिक्षेत्र मोहर सोप) - दोनों की सीमा आती है। वन विभाग लगातार गाँव में पहुँचकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है, गश्त कर रहा है और सतर्क रहने की अपील कर रहा है। लेकिन दूसरी ओर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। अब तक उनकी ओर से न तो ग्रामीणों को कोई समझाइश दी गई है और न ही सक्रिय पहल की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब दोनों विभाग यहाँ मौजूद हैं तो दोनों को मिलकर प्रयास करना चाहिए ताकि सुरक्षा और प्रभावी बन सके। - वन विभाग की पहल आज दिनांक 29 अगस्त 2025 को वन विभाग की टीम गाँव पहुँची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश दी।

विभागीय कर्मचारियों ने साफ शब्दों में कहा कि ग्रामीण फिलहाल जंगल की ओर न जाएँ। किसी भी प्रकार की जंगली जानवर से जुड़ी घटना की जानकारी तुरंत विभाग को दें। सरपंच-उपसरपंच की मौजूदगी इस मौके पर ग्राम पंचायत मोहर सोप के सरपंच एवं उपसरपंच भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को वन विभाग का सहयोग करने और बिना वजह जंगल की ओर न जाने की सलाह दी।

मानव-वन्यजीव संघर्ष की बड़ी चुनौती विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात के मौसम में हाथी और बाघ भोजन व पानी की तलाश में गाँव के करीब आ जाते हैं।

यही कारण है कि अक्सर इस समय मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ जाती हैं।

हाथी खेतों में धान की फसल को नुकसान पहुँचा सकते हैं। बाघ मवेशियों का शिकार करने गाँवों तक आ सकता है। यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो बड़े हादसे की संभावना रहती है।

ग्रामीणों की चिंता और सहयोग गाँव के लोगों ने वन विभाग को भरोसा दिलाया है कि वे विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाथी या बाघ गाँव के आसपास दिखते हैं तो वे तुरंत सूचना देंगे।  विभाग की अपील वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि- . जंगल में अकेले न जाएँ। . हाथी-बाघ दिखाई देने पर शोर न मचाएँ, भीड़ न लगाएँ।

. बच्चों और बुजुर्गों को घर के आसपास ही रखें। . किसी भी घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

दैनिक क्यूं ना लिखूं सच का विशेष फोकस- मोहर सोप में इस समय स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब यहाँ दो विभाग मौजूद हैं, तो गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की चुप्पी क्यों?

क्या सिर्फ वन विभाग पर ही जिम्मेदारी छोड़ देना पर्याप्त है? ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों विभागों को मिलकर काम करना होगा।

# Do you also get confused between the symptoms of cold and dengue? Identify the diseases like this

The weather becomes very pleasant as soon as the rains come. But the risk of many diseases also increases these days. Especially cold and mosquito-borne diseases. If carelessness is shown, then you can also fall prey to it. Usually their symptoms are similar. Which causes confusion among people. The risk of many diseases increases in the rain. Dengue and viral are common in this season. People remain confused may seem pleasant, but it also brings the weather of Delhi is also like this. rain has increased the problems of fever, headache, body ache, sneezing or symptoms are similar to cold and people problem is of a common cold or a sign chikungunya or malaria. Many times someone has fever and body ache and there may be a fear in the mind whether question arises more especially during dengue and cold spread the most. common symptoms of cold and identify them. Common Cold Common infection are- runny or blocked nose and mild body ache sometimes mild fever two to three days and start getting the symptoms of common cold are no rashes or wounds on the skin. bite causes a small red bump on the skin. there is also mild swelling. This is a





about their symptoms. The rainy season many types of diseases with it. These days Sometimes sunshine and sometimes heavy people. People are facing problems like cough. The problem arises when these are unable to understand whether the of mosquito-borne diseases like dengue, there is confusion about the symptoms. If has also been bitten by a mosquito, then it is dengue or a virus infection? This the rainy season, because at this time both Today in this article we will tell you the mosquito bites and will know how to symptoms of common cold i.e. viral sneezing sore throat cough mild headache Usually these symptoms are felt more in better in a week. It is worth noting that mostly related to breathing and there are Normal mosquito bites A normal mosquito Itching is also a problem. And sometimes normal skin reaction and gets cured on its own. Some people may have more swelling or blister-like rashes, but it is not common to have high fever or severe body pain just because of the bite. Diseases spread by mosquitoes If the infection occurs due to a mosquito bite, then after a few days symptoms start appearing in the whole body, such as- High fever Severe body or joint pain Headache Pain behind the eyes Nausea Sometimes skin rashes During rainy season, dengue, malaria and chikungunya are the most common mosquito-borne diseases. Why is there confusion? Some symptoms are similar in both, such as- Fever and body ache: Can occur in both cold and dengue. Rashes: Your skin can become red due to both viral infection and mosquito bites. Swelling in lymph nodes: This can also be seen in both conditions. How to differentiate? Pay attention to the timing. Itching and red bumps appear within a few minutes to hours after a mosquito bite. Whereas the symptoms of infections like dengue or chikungunya start several days later. If fever occurs on the same day of a mosquito bite, it is mostly an allergic reaction or a different viral infection. Where are the symptoms? Runny nose, cough, sore throat: These are signs of cold or virus, not mosquito bite. Itchy red rash on the skin: This is a common symptom of mosquito bite. High fever, severe muscle pain, pain behind the eyes: These symptoms point to dengue. Understand the pattern of symptoms - If a rash spreads all over the body along with fever, it could be a sign of dengue or any viral infection. If there is persistent high fever, repeated vomiting, bleeding from gums or nose, severe stomach pain or difficulty in breathing, then these are signs of severe dengue and one should consult a doctor immediately. Understand it this way, a normal mosquito bite is mostly limited to the skin only. On the other hand, a common cold is limited to respiratory symptoms. Diseases like dengue or malaria appear in the form of high fever and severe symptoms several days after the mosquito bite.

# Milky mushroom is beneficial in controlling diabetes and high cholesterol, you will be surprised to know its speciality

A new variety of mushroom called milky mushroom has been discovered to control blood sugar. It is not only white but also not bitter. Directorate of Mushroom Research has developed DMR-321 variety after three years of testing. Milky mushroom increases immunity, is rich in fiber and is helpful in controlling blood sugar. If you want to keep blood sugar under control, then a new species of mushroom has been oyster, sometimes white button and It is named milky because it is whiter than production is 10 percent more than country of Solan-based Directorate of of milky mushroom. It is full of medicinal immunity of our body. The fiber and source of plant-based protein for vegetarians. maximum production takes place in South from DMR 321, scientists have also developed also give more yield than other varieties. It temperature of 30-35 degree Celsius. Unlike is not required to prepare it. Seeds are



discovered. You must have eaten many types of mushrooms till now... sometimes sometimes shitake mushroom. All are good, but now milky mushroom has come. white button mushroom. It is not bitter at all. It is also beneficial for farmers as the traditional varieties. After three years of testing at 32 centers located across the Mushroom Research (DMR), success was achieved in developing DMR-321 variety properties. Let us tell you that it has many medicinal properties. It increases the bioactive compounds present in it help in controlling blood sugar. It is an excellent It is beneficial for cholesterol, diabetes and bile diseases. It is ready in a month. Its India, but it is also grown in other states. It can be prepared in a month. Apart another new variety of milky mushroom, DMR Milky 299, this year, which will does not spoil for eight days. Milky mushroom is cultivated in India at a high other mushrooms, milky mushroom does not spoil for seven to eight days. Fertilizer prepared by putting them in straw. Pickle is also made from it. According to demand, its seeds are prepared in 15 days and made available to the producers. It is known that the Directorate of Mushroom Research has 32 centers in 22 states, which do research on various mushrooms. CS Vaidya, ML Sharma and NK Sharma have studied this in the Agro Economic Research Center of Himachal Pradesh University, which contains abundant amount of Vitamin C. According to this, a normal 100 grams of mushroom contains 8.60 mg of Vitamin C while Vitamin B3 or Niacin contains 5.85 mg. Niacin converts food into energy. India ranks third in the world after China and Japan in mushroom production. It is estimated that it will leave Japan behind in the next two years. In this regard, Dr. VP Sharma (Director ICAR-DMR) said that DMR-321 variety of milky mushroom has been developed. This is a native mushroom, found only in India. It is more beneficial than other mushrooms. It is grown at a temperature of 30-35 degrees Celsius. It is grown only in straw without fertilizer. Dr. Manoj Nath (Scientist DMR Solan) says that we have developed two new varieties of milky mushroom, DMR Milky 299 and DMR Milky 321. Both the varieties will give more than 10 percent yield. Milky 321 will not give bitterness even in food. This variety has been released after three years of research.

## Japan's Future Train will make your trip memorable, where you can enjoy the special dishes of Kyoto

Future Train Restaurant has opened in Kyoto, Japan, which is built on the old railway line. This restaurant is in three coaches, out of which two coaches are still open. Here you will get the experience of art food and old train together. The menu is a combination of Kyoto's tradition and modern look. Here you will be served special dishes of Kyoto. A special restaurant has opened in Kyoto, Japan. Here dishes will be served 'Future Train'. Japan has always been a its tradition and newness. Now another special Train Restaurant. This is not an ordinary place, which opened this week in the Umekoji area of a story. As soon as you pass through the ticket journey to the future. Let us tell you that this number two and three are open at the moment. experience, then this train-restaurant can be an can be felt together. Car number two is being pink and purple lights and the atmosphere inside bar and casual seating. There is a bar counter, considered perfect for sitting with friends or for compartment will open on 20 September 2025.



on the railway tracks. This special restaurant has been named prosperous country. The city of Kyoto in Japan is known for place has opened here for food lovers. Whose name is Future but a restaurant train built on an old elevated railway line, ??Kyoto. Entering the Future Train feels like the beginning of gate here, you reach a platform and after that begins your restaurant is built in three coaches, out of which only coaches So if you are going to visit Kyoto and want to have a different interesting place. Here art, food and nostalgia of the old train called the main dining hall. This coach is decorated with bright feels like retro-future. While car number three has been named comfortable box seating and high tables here. This place is evening drinks. Talking about car number one, this An interactive art space is being created here through light, sound and video installation. Now after knowing all this, you must be wondering what you will get to eat and drink here. So let us tell you that the menu here is a combination of Kyoto's tradition and modern look. The food plates will be as colorful and attractive as its interior. Which dishes will be served to the customer? Special dishes: Umemirai Gourmet Burger, Future Ekiben Box (which contains meat, fish and sandwiches), Kyoto-style pasta and Japanese comfort dishes like Omurais. Desserts: People who like sweets can enjoy Birdie Buddy's fluffy pancakes or the fabulous Kawaii Five-Story Pagoda Parfa. Light snacks: Crispy French fries, yakitori skewers and snack plates. Drinks: Mocktails and colorful shakes made from local flavors like matcha and yuzu will also be served. The special thing is that you will get everything here at affordable prices. The prices of most dishes and desserts here are around 2,000 to 3,000 yen i.e. around 1,200 to 1,800. The Future Train Restaurant is built on Kyoto's Umekoji Highline, which was earlier a railway line. However, now it has been converted into a dining and entertainment area.

